भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
लोकसभा
अतारांकित प्रश्न संख्या - 793
दिनांक 07.02.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

रूसी तेल उत्पादकों पर प्रतिबंध

793. **श्री धैर्यशील संभाजीराव माणेः**
श्री चव्हाण रविन्द्र वसंतरावः
श्री सुधीर गुप्ताः

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या संयुक्त राज्य अमरीका द्वारा रूसी तेल उत्पादकों, सेवा प्रदाताओं और तेल वाहक पोतों पर वर्तमान प्रतिबंधों का भारतीय तेल कंपनियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने संयुक्त राज्य अमरीका के प्राधिकारियों के साथ भारतीय कंपनियों पर प्रभाव डालने वाले मुद्दों पर स्पष्टीकरण देने के लिए कोई बातचीत की है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर अमरीकी प्राधिकारियों की क्या प्रतिक्रिया है; और

(घ) क्या सरकार का रूसी तेल कंपनियों पर संयुक्त राज्य अमरीका द्वारा हाल ही में लगाए गए प्रतिबंधों को ध्यान में रखते हुए रूस से तेल खरीद और तेल आयात तथा रूसी तेल पर निर्भरता को कम करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
विदेश राज्य मंत्री
[श्री कीर्तवर्धन सिंह]

(क) से (घ) भारत सरकार 10 जनवरी 2025 के अमरीकी प्रतिबंधों के ऐसे लागू प्रावधानों के बारे में सभी संबंधित एजेंसियों को अवगत कराने के लिए कदम उठा रही है, जो भारतीय तेल व्यापारियों, तेल क्षेत्र सेवा प्रदाताओं और बीमा कंपनियों को प्रभावित कर सकते हैं। तेल खरीद पर सरकार का निर्णय भारत के हितों और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए विविध कारकों पर आधारित होता है। सरकार इस मामले पर अमरीकी सरकार के साथ वार्ता कर रही है।

*****